हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शनिवार 1 नवम्बर 2025

11 'समृद्ध हरियाणा -विरासत व विकास' थीम पर मनाया हरियाणा दिवस



12 सीएम ने तिरंगा लहराया तो भारत माता की जय...











# बॉम्बे आर्ट कोर्स में कैसे बनाएं करियर



नालेज

**यंगभूमि डेस्क**

कला संस्कृति हमारे भारतीय संस्कृति का एक अभिन्न अंग है, जो सदियों से चला आ रहा है। वर्तमान समय में भी बड़े पैमाने पर कला संस्कृति को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। भारत के कोने कोने में बड़े पैमाने पर विभिन्न प्रकार के शिक्षण संस्थान है जो कला से संबंधित पाठ्यक्रम का ज्ञान देते हैं तथा विभिन्न प्रकार की डिग्री प्रदान करते हैं जिसके आधार पर विद्यार्थी कला से संबंधित कार्य करते हैं और लोगों को जागरूक करते हैं अथवा कला से संबंधित अध्यापक बनते हैं। अगर आप का भी सपना कला विषय से संबंधित अध्यापक बनना है तो आप भी मुंबई आर्ट्स का कोर्स कर सकते हैं।

## बन रहा युवाओं की पसंद

आज के समय में कला संस्कृति का रंग रूप थोड़ा बदल चुका है, जिससे सदियों से चली आ रही कला संस्कृति के साथ-साथ वर्तमान कला संस्कृति और अत्याधुनिक तकनीकी वाली कला संस्कृति के मिश्रण की वजह से आज के समय में हमें कला के क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के नए-नए रंग रूप देखने को मिलते हैं। यही वजह है कि आज के समय में अधिकांश युवा कला के क्षेत्र में अपना करियर जोड़ना चाहते हैं। अपना एक बेहतरीन करियर विकल्प ढूंढ रहे हैं। कला के क्षेत्र में आगे बढ़ कर आप तरह-तरह के कला से संबंधित कलात्मक कार्य कर सकते हैं अथवा आर्ट्स के संबंध में अध्यापक बन सकते हैं। ऐसा अब तक लाखों युवा कर चुके हैं और लाखों युवा कर भी रहे हैं। अगर आपके अंदर कोई भी हुनर है तो आप उस आधार पर कला के क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं। उससे संबंधित कोर्स करके डिग्री हासिल कर सकते हैं और अपना एक बेहतरीन करियर विकल्प चुन सकते हैं। बता दें कि आज के समय में विभिन्न प्रकार के विषय कला क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं ऐसी स्थिति में आपके अंदर हर किसी छोटे बड़े हुनर या कलात्मक कार्य का अनुभव आपको बेहतरीन बना सकता है। कटनी में भारत में बड़े पैमाने पर आयोजित होने वाले कला पर आधारित आयोजन एवं दर्शनी मुखिया रूप से दिखाई देते हैं। इसके अलावा कला से संबंधित विभिन्न प्रकार के पद भी आज के समय में हमें देखने को मिलते हैं तो आइए इसके बारे में विस्तार से जानते हैं।

## यह कोर्स कैसे करें

बॉम्बे आर्ट एक सर्टिफिकेट कोर्स है जो कला के क्षेत्र में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों को कराया जाता है। इस कोर्स को करने के बाद विद्यार्थी कला के क्षेत्र में शिक्षक बन सकता है इसके लिए उन्हें बीएड डिग्री की भी आवश्यकता नहीं होती है। बिना बीएड डिग्री के भी मुंबई आर्ट कोर्स करने के बाद किसी भी शिक्षण संस्थान और स्कूल में पढ़ा सकता है और इसके लिए कोई दूसरी डिग्री की भी आवश्यकता नहीं होती है। इस बात से आप मुंबई आर्ट कोर्स की महत्वता समझ सकते हैं। बॉम्बे आर्ट एक शिक्षण संस्थान है जो बॉम्बे आर्ट सर्टिफिकेट डिप्लोमा की डिग्री प्रदान करवाता है। महाराष्ट्र सरकार ने सबसे पहले भारत में मुंबई में इसकी शुरुआत की थी इस शिक्षण संस्थान का उद्देश्य विलुप्त हो रहे कला संस्कृति को फिर से उजागर करना और नए रूप में लोगों के समक्ष प्रस्तुत करना है। वर्तमान समय में बॉम्बे आर्ट पब्लिक ऑग्रेनाइजेश है जो पूरे भारत में फैला हुआ है तथा कोई भी संस्थान इसकी फ्रेचाइज ले सकता है। इस शिक्षण संस्थान का मुख्य उद्देश्य कलात्मक शिक्षा का प्रचार करना है। इससे बिजनेस भी किया जाता है और तरह-तरह के पद भी उत्पन्न होते हैं। आज के समय में जहां हमें प्रत्येक सरकारी नौकरी के लिए बहुत बड़े कंपीटिशन से गुजरना होता है।

## क्या चाहिए जरूरी योग्यता

किसी भी कोर्स को करने के लिए या उस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए उससे संबंधित योग्यता का होना अति आवश्यक है। इसीलिए अगर आप बॉम्बे आर्ट के तहत आर्ट क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहते हैं, तो आपके पास इससे संबंधित कुछ योग्यताएं अथवा पत्रता होनी चाहिए जिसके आधार पर आप इस क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं। यह इस बात को भी प्रमाणित कर देगा कि इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए आपके पास क्या है और क्या आप वास्तव में इस क्षेत्र में कुछ कर पाएंगे या नहीं। बॉम्बे आर्ट के लिए निर्धारित की गई योग्यताएं निम्नलिखित है।

- इस कोर्स को करने के लिए कम से कम 12 वीं पास होना आवश्यक है।
- विद्यार्थी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं कक्षा पास करके इस कोर्स के लिए आवेदन कर सकता है।
- बारहवीं कक्षा आर्ट्स सब्जेक्ट से पास की हुई है तो बेहतर रहेगा।
- इस कोर्स को करने के लिए विद्यार्थी के मन में कला विषय से संबंधित रुचि होनी चाहिए।
- किसी भी प्रकार का कला से संबंधित हुनर के आधार पर इस कोर्स को कर सकते हैं।
- कला के क्षेत्र में आगे बढ़ने वालों को बॉम्बे आर्ट कोर्स अवश्य करना चाहिए।

**ऐसे करें कोर्स :** कला के क्षेत्र से संबंध रखने वाला बॉम्बे आर्ट कोर्स वर्तमान समय में काफी लोकप्रिय हो रहा है। इस कोर्स को करने के लिए आपके पास कुछ योग्यता और पात्रता होने चाहिए इसके अलावा कुछ जरूरी दस्तावेजों के आधार पर आप आसानी से कला के क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं। बॉम्बे आर्ट कोर्स करने के लिए आपको सबसे महत्वपूर्ण इस बात पर ध्यान देना होगा कि आपके अंदर कौन सा हुनर हैं। आप कला के क्षेत्र से संबंधित कौन सा कार्य करना जानते हैं या आपका किस कार्य में मन लगता है। उस आधार पर ही आपको इस क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहिए। अगर आप पहले से ही बॉम्बे आर्ट कोर्स करना चाहते हैं तो सबसे पहले कला वर्ग से 12वीं कक्षा 50% अंकों के साथ पास करें किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं कक्षा कला वर्ग से पास करने के बाद आप महाराष्ट्र में मुंबई स्थित बॉम्बे आर्ट शिक्षण संस्थान अथवा इसकी फ्रेंचाइज के तहत बॉम्बे आर्ट कोर्स कर सकते हैं। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि संपूर्ण भारत में सबसे पहले महाराष्ट्र सरकार ने ही शिक्षण संस्थान की शुरुआत की लेकिन हाल फिलहाल में उत्तर प्रदेश सरकार ने भी इसी तरह के एक शिक्षण संस्थान की शुरुआत की है जो इसी तरह आर्ट्स की डिग्री उपलब्ध कराती है, जिससे बिना बीएड की डिग्री के विद्यार्थी कला विषय से संबंधित अध्यापक बन सकते हैं।

---

### कानून, न्यायपालिका और कानूनी प्रक्रियाओं की देता है समझ

# एल.एल.बी. : कानूनी और सरकारी जगत में कामयाबी के सुनहरे मौके

**डॉ मोहित बंसल**
(करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर)




बैचलर ऑफ लॉ (एल.एल.बी.) एक तीन वर्षीय स्नातक कार्यक्रम है, जो विद्यार्थियों को कानून, न्यायपालिका और कानूनी प्रक्रियाओं की गहन समझ प्रदान करता है। इस कोर्स के दौरान विद्यार्थियों को संविधान, दंड संहिता, सिविल लॉ, कॉर्पोरेट लॉ, अंतर्राष्ट्रीय कानून, न्यायिक प्रक्रिया और विधिक लेखन जैसे महत्वपूर्ण विषय पढ़ाए जाते हैं। एल.एल.बी. का उद्देश्य सिर्फ कानूनी नियमों और सिद्धांतों को पढ़ाना नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों में न्यायप्रियता, तार्किक सोच, निर्णय क्षमता और सामाजिक जिम्मेदारी को भी विकसित करना है। नई शिक्षा नीति (एन.ई.पी. 2020) के अनुसार विद्यार्थी एल.एल.बी. को तीन वर्षों में सामान्य स्नातक डिग्री के रूप में या पांच वर्षों के इंटिग्रेटेड कोर्स (बीऐ एलएलबी, बीबीए एलएलबी) के रूप में भी पूरा कर सकते हैं। एल.एल.बी. (ऑनर्स) कार्यक्रम में विद्यार्थी किसी विशेष क्षेत्र जैसे कॉर्पोरेट लॉ, क्रिमिनल लॉ, या मानवाधिकार कानून में विशेषज्ञता हासिल कर सकते हैं, जिससे वे अत्यधिक प्रतिस्पर्धी कानूनी क्षेत्रों में सफल करियर बना सकते हैं। एल.एल.बी. के अंतर्गत विभिन्न विशेषज्ञताएं उपलब्ध हैं, जो छात्रों को कानून के अलग-अलग क्षेत्रों में दक्ष बनाती हैं। इनमें कॉर्पोरेट कानून, क्रिमिनल लॉ, मानवाधिकार कानून, पर्यावरण कानून, अंतर्राष्ट्रीय कानून, सिविल और संवैधानिक कानून जैसी महत्वपूर्ण शाखाएं शामिल हैं। यह विशेषज्ञताएं विद्यार्थियों को उनके रुचि और कैरियर लक्ष्यों के अनुसार कानूनी क्षेत्र में गहन ज्ञान और व्यावहारिक समझ प्रदान करती हैं।

## उच्च शिक्षा और आगे के अवसर

एल.एल.बी. स्नातक यदि अपनी पढ़ाई आगे बढ़ाना चाहें तो उनके लिए कई विकल्प उपलब्ध हैं। उच्च शिक्षा से न केवल कानूनी ज्ञान और विशेषज्ञता बढ़ती है, बल्कि राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर करियर के अवसर भी व्यापक हो जाते हैं। विद्यार्थियों के लिए मास्टर ऑफ लॉ (एलएलएम, एमबीए), और विभिन्न पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा कोर्स जैसे विकल्प उपलब्ध हैं। इसके अलावा विशेष सर्टिफिकेशन कोर्स जैसे कॉर्पोरेट कंप्लायंस, साइबर लॉ, अंतर्राष्ट्रीय कानून और मानवाधिकार कानून भी छात्रों को उद्योग-उपयुक्त कौशल प्रदान करते हैं।

## न्यायप्रियता, निर्णय क्षमता कर रहा विकसित



## सरकारी क्षेत्र में करियर विकल्प

सरकारी क्षेत्र में एल.एल.बी. स्नातकों के लिए सम्मानजनक और स्थायी अवसर उपलब्ध हैं। सरकारी विभागों, न्यायालयों, बैंकिंग और रक्षा संगठनों में कानूनी पेशेवरों की मांग हमेशा रहती है। एल.एल.बी. स्नातक यहाँ न्यायिक, प्रशासनिक और कानूनी मामलों में भूमिका निभाते हैं। सरकारी क्षेत्र में करियर चुनने वाले विद्यार्थियों को कानून और प्रशासन के संयुक्त अनुभव के साथ स्थिर वेतन, पदोन्नति के अवसर और राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिलती है।

### यहां मिलेगा स्कोप

**1. न्यायिक व प्रशासनिक सेवाएं**
- जुडिशियल मैजिस्ट्रेट
- लेखा परीक्षा अधिकारी
- स्टेट/सेंट्रल गवर्नमेंट कानूनी पद

**2. बैंकिंग और वित्तीय संस्थान**
- लीगल ऑफिसर
- क्लर्कियल/ऑफिसर पद

**3. रक्षा और अनुसंधान संगठन**
- जुडिशियल काउंसल
- क्लाइंट एडवाइजर

**4. शिक्षा और विश्वविद्यालय**
- कानून शिक्षक (स्कूल/कॉलेज)
- असिस्टेंट प्रोफेसर
- रीसर्च असिस्टेंट

**आय या वेतन :** सरकारी क्षेत्र में एल.एल.बी. स्नातक की प्रारंभिक आय लगभग 4 से 8 लाख वार्षिक होती है, जबकि उच्च पदों और अनुभव के साथ यह आय 12 से 20 लाख वार्षिक तक पहुंच सकती है।

### केवल वकालत तक सीमित नहीं

एल.एल.बी. छात्रों के लिए करियर की राहें केवल वकालत तक सीमित नहीं रहतीं। निजी और सरकारी दोनों क्षेत्रों में उनके लिए सुनहरे भविष्य के द्वार खुले हैं। सही कौशल, उच्च शिक्षा और अनुभव के साथ वे देश और विदेश, दोनों जगह उत्कृष्ट अवसर प्राप्त कर सकते हैं।
**सुझाव:** किसी भी करियर का चुनाव करने से पहले किसी योग्य करियर सलाहकार से सलाह ज़रूर लें। अधिक जानकारी के लिए आप **www.careerjaano.com** पर भी विजिट कर सकते हैं।

## आवश्यक कौशल

एल.एल.बी. स्नातकों के लिए केवल शैक्षणिक ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है। कानूनी पेशे में सफल होने के लिए विद्यार्थियों में विश्लेषणात्मक सोच, तार्किक तर्क, प्रभावशाली संवाद और मजबूत अनुसंधान क्षमता जैसी विशेष क्षमताएँ होना आवश्यक है। इसके अलावा विद्यार्थियों को अदालत में प्रभावी प्रस्तुति, केस स्टडी विश्लेषण, विवाद समाधान, मध्यस्थता कौशल और टीमवर्क की समझ भी विकसित करनी होती है। इन कौशलों से छात्र न केवल पेशेवर रूप से सक्षम बनते हैं, बल्कि विभिन्न कानूनी और प्रशासनिक क्षेत्रों में आत्मनिर्भर और सम्मानजनक करियर स्थापित कर सकते हैं।

## निजी क्षेत्र में करियर विकल्प

एल.एल.बी. स्नातकों के लिए निजी क्षेत्र में विभिन्न उद्योगों और संगठनों में कानूनी विशेषज्ञता की भारी मांग है। डिजिटल व ग्लोबल युग में कॉर्पोरेट कंपनियां, स्टार्टअप्स, बैंकिंग, वित्तीय संस्थान और कंसल्टिंग फर्में योग्य कानूनी पेशेवरों की तलाश में रहती हैं। एल.एल.बी. स्नातक इन संगठनों में कॉर्पोरेट कानून, अनुबंध प्रबंधन, कानूनी अनुपालन और विवाद समाधान जैसी भूमिकाओं में कार्य कर सकते हैं। निजी क्षेत्र में करियर चुनने वाले विद्यार्थियों को विविध परियोजनाओं, कानूनी सलाह, केस मैनेजमेंट और क्लाइंट काउंसलिंग में गहन अनुभव प्राप्त होता है।

## यहां स्कोप

**1. कानूनी फर्म्स और एडवोकेसी**
- लीगल एडवोकेट
- क्लाइंट काउंसलर
- क्लासिफिकेशन और केस मैनेजर

**2. कॉर्पोरेट सेक्टर**
- कंपनी सेक्रेटरी
- कॉर्पोरेट लीगल काउंसल
- कॉन्ट्रैक्ट मैनेजर
- कम्प्लायंस ऑफिसर

**3. बैंकिंग और वित्तीय संस्थान**
- लीगल ऑफिसर
- क्लाइंट डिस्प्यूट मैनेजर
- कॉन्ट्रैक्ट और रेगुलेटरी काउंसल

**4. स्टार्टअप्स और कंसल्टिंग फर्म्स**
- लीगल कंसल्टेंट
- प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर (लीगल डिपार्टमेंट)
- कॉर्पोरेट पॉलिसी कंसलटेंट

**आय या वेतन :** एल.एल.बी. स्नातकों की निजी क्षेत्र में प्रारंभिक आय लगभग 3 से 6 लाख वार्षिक होती है, जबकि अनुभव और विशेषज्ञता के साथ यह आय 10 से 25 लाख वार्षिक तक पहुंच सकती है।

## उच्च शिक्षा कार्यक्रम

- मास्टर ऑफ लॉ (एलएलएम)
- मास्टर ऑफ बिज़नेस एडमिनिस्ट्रेशन (एम.बी.ए.) – लॉ/मैनेजमेंट
- पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन कॉर्पोरेट लॉ, अंतर्राष्ट्रीय कानून या मानवाधिकार

विशेष सर्टिफिकेशन कोर्स
- आईसीएलआईसीसी/न्यायिक प्रशिक्षण संस्थान द्वारा कानूनी सर्टिफिकेट
- डाटा प्रोटेक्शन और साइबर लॉ सर्टिफिकेशन
- कॉर्पोरेट कंप्लायंस और कॉन्ट्रैक्ट मैनेजमेंट सर्टिफिकेशन

**ये सर्टिफिकेशन विद्यार्थियों को तकनीकी दक्षता और कानूनी विशेषज्ञता प्रदान करते हैं और उन्हें राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उच्च वेतन वाली नौकरियों के लिए प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त दिलाते हैं और भविष्य चमकाते हैं।**

---

# सही और गलत की सीख, पर्यावरण की रक्षा और आत्मविश्वास की प्रेरणा



मोटिवेशनल
**डॉ. दिव्या तंवर**

भारत का सबसे बड़ा और सबसे प्यारा त्योहारों में शामिल दीपावली का पर्व गए एक सप्ताह से ऊपर हो चुका है। छात्रों के लिए यह पर्व प्रेरणा लेने का त्योहार है। यह न केवल रोशनी और खुशी का प्रतीक है, बल्कि हमें सही और गलत के बीच अंतर, पर्यावरण की रक्षा, और आत्मविश्वास के साथ अपने भाग्य को संवारने की प्रेरणा भी देता है। यह लेख विशेष रूप से छात्रों के लिए है, ताकि वे समझ सकें कि यह त्योहार हमें क्या सिखाता है और हम इसे कैसे जिम्मेदारी से मना सकते हैं,ये सबक छात्रों के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि ये उन्हें जीवन में सही दिशा चुनने और एक जिम्मेदार इंसान बनने की प्रेरणा देते हैं। नीचे कुछ प्रमुख नैतिक सबक दिए गए हैं, जो दिवाली की कहानियों और परंपराओं से मिलते हैं।

## सत्य और धैर्य की जीत

**सबक:** भगवान राम की कहानी हमें सिखाती है कि सत्य और धैर्य हमेशा विजयी होता है। रावण जैसे शक्तिशाली राक्षस के सामने भी राम ने धैर्य, नैतिकता का रास्ता नहीं छोड़ा।
**छात्रों के लिए प्रेरणा:** पढ़ाई या जीवन में कठिनाइयों का सामना करते समय धैर्य रखें। मेहनत और ईमानदारी से किया गया कार्य हमेशा फल देता है। हर मुश्किल स्थिति में भी सत्य और धैर्य का साथ नहीं छोड़ेंगे।

### सामुदायिक एकता और भाईचारा

**सबक:** दिवाली हमें परिवार, दोस्तों और समाज के साथ मिलकर उत्सव मनाने की सीख देती है। यह त्योहार लोगों को एक-दूसरे के करीब लाता है और आपसी प्रेम व सहयोग को बढ़ावा देता है।
**छात्रों के लिए प्रेरणा:** स्कूल या कॉलेज में सहपाठियों के साथ सहयोग करें। एक-दूसरे की मदद करने से न केवल रिश्ते मजबूत होते हैं, सामूहिक लक्ष्य भी आसानी से प्राप्त होते हैं।
**संकल्प:** हम अपने दोस्तों और समाज के साथ मिलकर काम करेंगे और एकता को बढ़ावा देंगे।

### विनम्रता और कृतज्ञता

**सबक:** माता लक्ष्मी की पूजा हमें सिखाती है कि धन और समृद्धि के साथ-साथ विनम्रता और कृतज्ञता भी जरूरी है। धन का उपयोग दूसरों की भलाई के लिए करना चाहिए।
**छात्रों के लिए प्रेरणा:** अपनी उपलब्धियों पर गर्व करें, लेकिन कभी घमंड न करें। जो कुछ आपके पास है, जैसे परिवार, शिक्षक, और अवसर, उनके प्रति आभार व्यक्त करें।
**संकल्प:** हम अपने जीवन में मिले अवसरों और संसाधनों के लिए कृतज्ञ रहेंगे और दूसरों की मदद करेंगे।

## आत्म-नियंत्रण और संयम

**सबक:** रावण की कहानी हमें बताती है कि अहंकार, लालच, और अनियंत्रित इच्छाएँ विनाश का कारण बनती हैं। दूसरी ओर, राम और लक्ष्मण ने आत्म-नियंत्रण का उदाहरण प्रस्तुत किया।
**छात्रों के लिए प्रेरणा:** पढ़ाई में ध्यान केंद्रित करने, समय का सही उपयोग करने, और अनावश्यक खर्चों से बचने के लिए आत्म-नियंत्रण जरूरी है।
**संकल्प:** हम अपनी इच्छाओं और भावनाओं पर नियंत्रण रखेंगे और संयम के साथ निर्णय लेंगे।

### क्षमा और नई शुरुआत

**सबक:** दिवाली नई शुरुआत का प्रतीक है। यह समय है पुरानी गलतियों को भूलकर, दूसरों को माफ करने और नए लक्ष्य निर्धारित करने का।
**छात्रों के लिए प्रेरणा:** अगर आपने कोई गलती की है, जैसे पढ़ाई में कम मेहनत करना या किसी से झगड़ा करना, तो उसे स्वीकार करें, माफी मांगें, और सुधार की दिशा में कदम बढ़ाएँ।
**संकल्प:** हम अपनी गलतियों से सीखेंगे, दूसरों को माफ करेंगे, और हर दिन बेहतर बनने की कोशिश करेंगे।

### प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी

**सबक:** दिवाली की रोशनी प्रकृति की सुंदरता को दर्शाती है, लेकिन आतिशबाजी और कचरे से पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है। यह हमें प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी याद दिलाता है।
**छात्रों के लिए प्रेरणा:** पर्यावरण को बचाने के लिए छोटे-छोटे कदम उठाएँ, जैसे मिट्टी के दीये जलाना, पेड़ लगाना, या प्लास्टिक का उपयोग कम करना।
**संकल्प:** हम पर्यावरण को स्वच्छ और सुरक्षित रखने के लिए जिम्मेदारी से काम करेंगे।

## सामान्य ज्ञान

**1.** एक परमाणु में 9 इलेक्ट्रॉन तथा 10 न्यूट्रॉन है ,उसकी द्रव्यमान संख्या होगी
(ए) 9 (बी) 10
(सी) 18 (डी) 19

**2.** Ra † † (रेडियम) के नाभिक में न्यूट्रॉन और प्रोटॉनों की संख्या क्रमशः है
(ए) 138 एवं 88
(बी) 88 एवं 138
(सी) 226 एवं 88
(डी) 88 एवं 226

**3.** जिस तत्व में के परमाणु में 2 प्रोटॉन , 2 न्यूट्रॉन तथा 2 इलेक्ट्रॉन हों , उस तत्व का द्रव्यमान संख्या कितनी होगी
(ए) 2 (बी) 4
(सी) 6 (डी) 8

**4.** K * में इलेक्ट्रॉन की संख्या है -
(ए) 18 (बी) 19
(सी) 20 (डी) 10

**5.** यदि परमाणु की तीसरी कक्षा सबसे बहरी कक्षा हो ,तो इसमे इलेक्ट्रॉनों की अधिकतम संख्या हो सकती है
(ए) 8 (बी) 16
(सी) 18 (डी) 36

**6.** किसी परमाणु की परमाणु संख्या **Z** है तथा उसकी द्रव्यमान संख्या **M** है,तो इसके नाभिक में न्यूट्रॉन की संख्या कितनी होगी
(ए) **M+Z** (बी) **M-Z**
(सी) **M x Z** (डी) **M/Z**

**7.** परमाणु संख्या 17 तथा द्रव्यमान संख्या 35 के एक क्लोरिन परमाणु के नाभिक में होते है
(ए) 18 प्रोटॉन (बी) 18 न्यूट्रॉन
(सी) 35 प्रोटॉन डी) 35 न्यूट्रॉन

**8.** क्रमांक 20 वाले परमाणु का इलेक्ट्रॉनिक विन्यास है -
(ए) 2,8,10 (बी) 2,6,8,4
(सी) 2,8,8,2 (डी) 2,10,8

**9.** निम्न में कौन सी इलेक्ट्रॉनिक संरूपण धातु तत्व के लिए है ?
(ए) 2,8,1 (बी) 2,8
(सी) 2,8,8 (डी) 2,8,8,2

उत्तर 1.(डी) 2.(ए) 3.(बी) 4.(बी) 5.(सी) 6.(बी) 7.(बी) 8.(सी) 9.(डी)

## खबर संक्षेप

### पांच किलो गांजा सहित तस्कर गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने शहर के बेगू रोड क्षेत्र से एक तस्कर को करीब एक लाख रुपये का पांच किलो 100 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार किया है। एसपी दीपक सहारण ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान जोगिंद्र सिंह के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम शहर के शाह सतनाम सिंह चौक सिरसा की तरफ जा रही थी।

### लोन दिलाने के नाम पर हड़पे 1.54 लाख रुपये

**सिरसा।** शहर में लोन दिलवाने के नाम पर एक कंपनी ने एक युवक से 1.54 लाख रुपए की ठगी कर ली। पुलिस को दी शिकायत में जेजे कॉलोनी निवासी विपिन यादव ने बताया कि लुधियाना के सतरोज नगर से हरमनप्रीत सिंह द्वारा लोन दिलवाने के नाम पर धोखाधड़ी कर धोखे से चेक लगाकर राशि निकलवाने का आरोप लगाया है। सिरसा में शेरसिंह फाइनेंस कंपनी द्वारा हर तरह के लोन देने के लिए रिक्शा पर मुनादी करवाई गई थी और फाइनेंस कंपनी के पर्चे बांटे गए थे।

### सौंदर्यीकरण की बजाय दवाएं संसाधन करवाए उपलब्ध

**सिरसा।** पूर्व सांसद डॉ. सुशील इंदौरा ने जिले में फैल रहे डेंगू को लेकर सरकार व विभाग को कटघरे में खड़ा किया है। डॉ. इंदौरा ने शुक्रवार जारी एक बयान में कहा कि सरकार व विभाग के अधिकारियों द्वारा सरकारी अस्पतालों में साज-सज्जा पर करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन अस्पताल में मरीजों के लिए दवा व अन्य संसाधन शून्य हैं।

### रेलवे स्टेशन पर शुरू हुआ हाई लेवल प्लेटफार्म का कार्य

**डिंग।** डिंग मंडी निवासी सीनियर सिटीजन मनोहर लाल वर्मा ने बताया कि डिंग मंडी रेलवे स्टेशन पर हाई लेवल प्लेटफार्म का कार्य शुरू हो गया है। वर्मा ने बताया कि प्लेटफार्म निर्माण के लिए निर्धानित जगह पर मिट्टी डालने का काम शुरू कर दिया गया है। वर्मा ने बताया कि इस प्लेटफार्म के निर्माण से डिंग मंडी क्षेत्र के करीब 20 से 25 गांवों के ग्रामीणों को लाभ होगा, जो रोजाना ट्रेन की यात्रा करते हैं। डिंग एकता मंच से पंकज शर्मा ने बताया कि डिंगमंडी स्टेशन पर हाई लेवल का प्लेटफार्म न होने के कारण यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था।

### बूथ संचालक से चोरी का दूसरा आरोपी काबू

सिरसा। पुलिस ने हुडा सेक्टर 20 में बूथ संचालक से 15 हजार रुपए चोरी करने के मामले गिरफ्तार कर लिया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार ने बताया कि शिकायतकर्ता शीशपाल निवासी मम्मडख़ेड़ा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती दिवस आरोपी उसके बूथ पर आए और कहा कि क्या आपके पास फूड ट्रेनिंग लाइसेंस है।

### साइबर ठगी का आरोपी कानपुर से गिरफ्तार

**सिरसा।** साइबर थाना पुलिस ने टास्क पूरा कर मोटा मुनाफा कमाने के नाम पर सिरसा की ग्रेवाल बस्ती में एक व्यक्ति से हुई साइबर धोखाधड़ी के मामले में आरोपी युवक को उत्तर प्रदेश के कानपुर क्षेत्र से काबू कर लिया है। साइबर थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र ने बताया कि गिरफ्तार किए गए युवक की पहचान विद्यासागर पुत्र रमाशंकर कानपुर उत्तर प्रदेश के रुप में हुई है।

### डेंगू-मलेरिया का बढ़ा कहर: शर्मा

**सिरसा।** प्रदेश युवा कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहित शर्मा ने कहा कि डेंगू-मलेरिया के बढ़ते कहर के लिए नगर परिषद की लापरवाही जिम्मेदार है। नप द्वारा समय पर कदम न उठाने के कारण हालात बिगड़े है। मोहित ने जारी बयान में कहा कि शहर में डेंगू और मलेरिया का प्रकोप इस समय विकराल रूप ले चुका है। अस्पतालों में मरीजों की भीड़ बढ़ती जा रही है। खून की कमी से जूझते रोगियों की हालत गंभीर होती जा रही है।

---

## भाषण, कविताओं और प्रश्नोत्तरी से गूंजा हरियाणा गौरव का संदेश

# ‘समृद्ध हरियाणा -विरासत व विकास’ थीम पर मनाया हरियाणा दिवस

**प्रातःकालीन सभा में छात्रों ने दिखाया आत्मविश्वास और प्रतिभा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

क्रेसण्ट स्कूल में ‘समृद्ध हरियाणा -विरासत और विकास’ थीम के साथ हरियाणा दिवस बड़े हर्षोल्लास, उत्साह एवं गर्व के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर आयोजित प्रातःकालीन सभा का मंच संचालन विश्वेश सिंह गढ़वाल व कुश अनेजा ने बड़े ही आत्मविश्वास और दक्षता के साथ किया। कनिष व साक्षी ने अपने भाषण से हरियाणा की महिमा का प्रभावशाली वर्णन करते हुए बताया कि यह भूमि केवल देवताओं की पावन स्थली ही नहीं, बल्कि वह धरती है जहाँ महाभारत का महान युद्ध लड़ा गया एवं ज़हां भगवान श्रीकृष्ण के द्वारा अर्जुन को भगवद् गीता का दिव्य उपदेश दिया गया। मीहिका ने अपनी मधुर आवाज में हरियाणवी कविता ‘हर चीज में रहा नंबर वन हरियाणा’ का सस्वर वाचन करते हुए पूरे वातावरण को उमंग एवं राज्य के गौरव से सराबोर कर दिया। हरियाणा के धार्मिक स्थलों एवं आध्यात्मिक विरासत की सुंदर झलक को युवराज ने अपनी कविता ‘जहां बहती गीता की वाणी’ के माध्यम से प्रस्तुत करते हुए सभी के हृदयों में अपने राज्य के प्रति प्रेम, सम्मान एवं गर्व की भावना जागृत कर दी। गर्व तनेजा ने हरियाणा से संबंधित सामान्य ज्ञान के प्रश्न एवं यशप्रीत ने हरियाणा से संबंधित स्पेलिंग पूछ कर उपस्थित विद्यार्थियों के ज्ञान को परखा। प्रधानाचार्या रितु सिंधु ने विद्यार्थियों की उत्कृष्ट प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि आज के इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने जिस आत्मविश्वास, निपुणता एवं देशभक्ति का परिचय दिया है, वह वास्तव में अनुकरणीय है। उन्होंने बताया कि हरियाणा केवल वीरों की भूमि नहीं, बल्कि यह हमारी संस्कृति, परंपरा एवं परिश्रम की पहचान है।




**फतेहाबाद।** क्रेसण्ट स्कूल में हरियाणा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बच्चों को प्रोत्साहित करते प्रधानाचार्या। फोटो : हरिभूमि

## नहला में हर्षोल्लास व देशभक्ति के साथ मनाया गया हरियाणा दिवस

**भूना।** शहीद भगत सिंह वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, नहला में शुक्रवार को हरियाणा दिवस बड़े उत्साह, हर्षोल्लास और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण हरियाणवी संस्कृति की रंगत से सराबोर नजर आया। मंच संचालन विद्यालय के विद्यार्थियों ने अत्यंत प्रभावशाली और आत्मविश्वास से किया, जिससे कार्यक्रम का माहौल जीवंत बन गया। कार्यक्रम के तहत विद्यालय में हरियाणा सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने ज्ञान और तैयारी का परिचय दिया। प्रतियोगिता दो समूहों में इंटर हाउस स्तर पर आयोजित की गई। कनिष्ठ वर्ग में भगवान शिव सदन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि भगवान विष्णु सदन द्वितीय और भगवान ब्रह्मा सदन तृतीय स्थान पर रहा। वहीं वरिष्ठ वर्ग में लॉर्ड विष्णु सदन ने प्रथम, लॉर्ड शिवा सदन ने द्वितीय तथा लॉर्ड कृष्ण सदन ने तृतीय स्थान हासिल किया। विजेता विद्यार्थियों को मंच पर सम्मानित कर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम की प्रमुख आकर्षण रही हरियाणवी लोकनृत्य प्रस्तुतियां, जिन्होंने दर्शकों का मन मोह लिया। चंचल और उनके समूह तथा सेजल और उनके समूह ने हरियाणा की लोकसंस्कृति, परंपराओं और ग्रामीण जीवन की झलक बड़ी सुंदरता से पेश की।

---

### बीमा कम्पनियों की मनमानी

## पराली प्रबंधन को लेकर सीएम से मिला किसान संघर्ष समिति



**फतेहाबाद।** सीएम से मिलने जाते पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति के सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

- कबीमा कम्पनियों के साथ मिलीभगत वाले कृषि अधिकारियों पर हो कार्रवाई, कम उत्पादन पर 500 रुपये प्रति क्विंटल मिले मुआवजा : मनदीप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

बीमा कम्पनियों की मनमानी, पराली प्रबंधन सहित किसानों की अन्य मांगों को लेकर पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति का प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को राज्य प्रधान मनदीप नथवान के नेतृत्व में फतेहाबाद पहुंचे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिला और उन्हें मांग पत्र सौंपा। किसान संघर्ष समिति ने मुख्यमंत्री के सामने कृषि विभाग के अधिकारियों और बीमा कम्पनियों की मिलीभगत के आरोप लगाते हुए जांच करवाने और दोषी अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। राज्य प्रधान मनदीप नथवान ने कहा कि फतेहाबाद में फसल बीमा कम्पनी ने काफी गांवों में ऑब्जेक्शन लगा दिया है जबकि हालात यह है कि इन गांवों में फसलें भारी बरसात के कारण 100 प्रतिशत खराब हो चुकी है।

#### किसानों की समस्याएं और मांगें उजागर

मनदीप नथवान ने कहा कि कुछ बैंकों ने बीमा के नाम पर प्रीमियम काट लिया लेकिन पॉलिसी जारी नहीं की। सीएससी सैन्टरों द्वारा जो प्रीमियम काटा गया था, उसको रिजेक्ट कर दिया गया है जोकि किसानों के साथ धोखा है। मनदीप ने कहा कि प्रशासन द्वारा पराली प्रबंधन को लेकर कोई इंतजाम नहीं किए गए हैं। गेहूं की फसल लेट हो रही है जिस कारण किसानों को मजबूरी में आग लगानी पड़ती है। इस पर किसानों पर मुकदमें दर्ज किए जा रहे हैं जोकि गलत है। किसानों पर केस दर्ज करने की बजाय पराली का ठीक तरह से प्रबंधन की व्यवस्था की जाए और पर्याप्त संख्या में मशीनें उपलब्ध करवाई जाए। किसान संघर्ष समिति ने ज्ञापन में डीएपी खाद की कालाबाजारी करने वालों पर कार्रवाई करने और डीएपी खाद पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध करवाने की मांग की। किसान संघर्ष समिति ने कहा कि इस बार बरसात व जलभराव के कारण धान की पैदावार कम हुई है। ऐसे में किसानों को धान पर 500 रुपये प्रति क्विंटल मुआवजा दिया जाए।

---

## गांव फुलां में हरकोफेड चेयरमैन के घर पहुंचे सीएम नायब सिंह सैनी का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी वीरवार रात्रि भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं हरकोफेड के चेयरमैन वेद फुल्लां के निवास स्थान गांव फुलां में पहुंचे, जहां उन्होंने रात्रिभोज किया। मुख्यमंत्री के आगमन पर गांव फुल्लां सहित आसपास के क्षेत्रों से हजारों की संख्या में लोग उपस्थित हुए और मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत किया। मुख्यमंत्री सैनी ने इस दौरान कहा कि उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि किसी भी किसान का मुआवजा लंबित न रहे, उसकी रिपोर्ट तुरंत भेजी जाए।



**फतेहाबाद।** मुख्यमंत्री को पगड़ी पहनाकर व गन्ने से बना गुलदस्ते भेंट कर स्वागत करते चेयरमैन वेद फुलां।

#### लाडो योजना की पहली किस्त जल्द ही मिलेगी

मुख्यमंत्री बोले कि हरियाणा सरकार पूरे देश में सबसे अधिक फसलें एमएसपी पर खरीद रही है। लाडो लक्ष्मी योजना में पात्र महिलाओं के खाते में जल्दी ही पहले किस्त डाली जाएगी ताकि माताओं और बेटियों के सशक्तिकरण को नई दिशा मिल सके। युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा, सरकार बिना पर्ची-खरीदी, योग्यता के आधार पर नौकरियां दे रही है और खेल के मैदान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले युवाओं को इनाम व नौकरी दोनों प्रदान कर रही है।

### राजनीतिक आयोजनों में छात्रों को शामिल करने का विरोध

**फतेहाबाद।** हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ की जिला मीटिंग जिला प्रधान राजपाल मिताथल की अध्यक्षता में एएचपीसी वर्कर यूनियन कार्यालय फतेहाबाद में संपन्न हुई। मीटिंग का संचालन जिला सचिव देसराज माचरा ने किया। मुख्य वक्ता के तौर पर राज्य उप महासचिव कृष्ण नैन उपस्थित हुए। बैठक में 8 नवम्बर को शिक्षामंत्री के कैम्प कार्यालय पानीपत पर किए जाने वाले प्रदर्शन की तैयारियों को लेकर विचार विमर्श किया गया और अध्यापक संघ के पदाधिकारियों को अपने ब्लाक का कोटा पूरा करने को कहा गया। संघ के राज्य उपमहासचिव कृष्ण नैन ने कहा कि प्रदर्शन के प्रचार के साथ-साथ सदस्यता की तरफ भी ध्यान दिया जाए।

## झलनियां व ब्राह्मणवाला में लगाया शिविर, नशा पीड़ितों की काउंसलिंग कर दवाएं की वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

जिलेभर में चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत नशे की रोकथाम व पीड़ितों के पुनर्वास के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में एसआई सुंदर के नेतृत्व में नशा मुक्ति टीम फतेहाबाद ने गांव झलनियां व ब्राह्मणवाला में विशेष अभियान चलाया। कार्यक्रम के तहत गांव झलनियां में एक पूर्व चिन्हित ड्रग पीड़ित की गहन काउंसलिंग की गई तथा उसे आवश्यक उपचार व दवा उपलब्ध कराई गई। इसके पश्चात टीम ने गांव ब्राह्मणवाला में नशे का इंजेक्शन लेने वाले 13 पूर्व चिन्हित पीड़ितों की स्थिति की जांच की।



**फतेहाबाद।** गांवों में युवाओं को नशे के खिलाफ जागरू करते एएसआई सुंदर।

#### नशा मुक्ति अभियान में मिली सफलता

5 पीड़ित मौके पर हाजिर मिले, जिन्हें स्वास्थ्य विभाग, आयुष व होम्योपैथिक विशेषज्ञों की मदद से गहन काउंसलिंग दी गई और होम्योपैथिक व आयुर्वेदिक दवाएं वितरित की गई, वहीं 2 अन्य पीड़ितों के परिजनों ने बताया कि वे अब पूरी तरह नशा छोड़ चुके हैं और सामान्य जीवन व्यतीत कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त रतिया क्षेत्र के 4 नव चिन्हित पीड़ितों को भी स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से नागरिक अस्पताल फतेहाबाद से दवाएं उपलब्ध करवाई गई। अभियान के दौरान टीम ने ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया।

---

## गैर कानूनी धंधा करने वालों के खिलाफ अभियान में लाएं तेजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने जिला के सभी डीएसपी व थाना प्रभारियों की वीडियो कॉफ्रेंसिंग के जरिए बैठक लेकर निर्देश दिए कि नशे में संलिप्त पाए जाने वाले लोगों को चिह्नित कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। विभिन्न मामलों में वांछित भगोड़ों की धरपकड़ तेज करें तथा आदतन अपराधियों की हिस्ट्री शीट खोलें तथा उनकी गतिविधियों पर पैनी नजर रखें। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश देते हुए कहा कि यदि किसी थाना प्रभारी के क्षेत्र में क्राइम होता है तो स्वयं मौके पर पहुंच कर स्थिति का जायजा लेंगे तथा अपने उच्च अधिकारियों को अवगत कराएंगे। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अनुसंधानकर्ता घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लेगा तथा अच्छी प्रकार से घटनास्थल की वीडियो ग्राफी करे। उन्होंने कहा कि सभी पुलिस अधिकारी ड्यूटी के समय वर्दी में रहेंगे तथा अपना वेपन साथ में रखेंगे।



एसपी दीपक सहारण।

## रेप और अश्लील फोटो वायरल कर ब्लैकमेल करने वाला युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

महिलाओं से संबंधित अपराधों पर कार्रवाई करते हुए महिला थाना पुलिस ने एक ऐसे आरोपी को गिरफ्तार किया है जिसने पीड़िता के साथ जबरन बलात्कार किया, उसके फोटो एडिट कर सोशल मीडिया पर वायरल किए और उसे ब्लैकमेल किया। महिला थाना प्रभारी निरीक्षक अरूणा ने बताया कि इस बारे पीड़िता ने थाना में शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी खेम सिंह उर्फ राजू पुत्र रामदास, निवासी सरसाई, जिला कुल्लू (हिमाचल प्रदेश) ने उसके साथ गलत काम किया और बाद में उसकी अश्लील फोटो व वीडियो एडिट कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए। आरोपी लगातार पीड़िता को ब्लैकमेल कर रहा था।



**फतेहाबाद।** पुलिस गिरफ्त में रेप मामले में पकड़ा गया युवक।

#### मामले की जांच जारी

शिकायत प्राप्त होते ही पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत एफआईआर दर्ज की और नामजद आरोपी को दबोचने के लिए विशेष टीम गठित की। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी खेमसिंह को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को थाना हवालात में बन्द किया गया है। महिला थाना पुलिस के अनुसार, मामले की आगे की जांच जारी है। साथ ही साइबर पहलुओं की भी गहनता से जांच की जा रही है ताकि यदि किसी अन्य व्यक्ति की संलिप्तता पाई जाती है, तो उसके खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जा सके।




**फतेहाबाद।** सेवानिवृत पुलिस अधिकारियों को विदाई देते कर्मचारी।

## तीन पुलिस अधिकारियों को सेवानिवृत्ति पर विदाई

**फतेहाबाद।** पुलिस विभाग की ओर से आज पुलिस लाइन परिसर में सेवानिवृत्त हो रहे तीन पुलिस अधिकारियों को ससम्मान विदाई देने हेतु एक समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियों सहित सेवानिवृत्त अधिकारियों के परिजन भी उपस्थित रहे। सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों में उपनिरीक्षक संजय ने 31 वर्षों की अनुशासित एवं समर्पित सेवा की। उपनिरीक्षक शमशेर सिंह ने 34 वर्षों तक उत्कृष्ट कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया वहीं उपनिरीक्षक प्रीतम सिंह ने 36 वर्षों तक ईमानदारी और लगन से काम किया है। समारोह की अध्यक्षता डीएसपी हेडक्वार्टर कुलवंत सिंह ने की। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त अधिकारी हमारे विभाग की पूंजी हैं। उन्होंने जिन मूल्यों और समर्पण के साथ कार्य किया, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा है। इस अवसर पर सेवानिवृत्त अधिकारियों को स्मृति चिन्ह, प्रशंसा पत्र और उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। उनके परिजनों को भी विशेष रूप से आमंत्रित किया गया और विभाग की ओर से आभार प्रकट किया गया।

---

### एसपी ने आमजन, पुजारियों और समाज के जिम्मेदार लोगों से सहयोग की अपील की

# बाल विवाह रोकने को लेकर आज से निगरानी बढ़ाएगी पुलिस

**पुलिस की शादियों पर रहेगी नजर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

देवउठनी एकादशी पर बाल विवाह रोकने को लेकर फतेहाबाद पुलिस विशेष सतर्कता बरतेगी और सभी थाना क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाई जाएगी। क्षेत्र में होने वाली शादियों पर भी पुलिस की निगाह रहेंगी। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने देवउठनी एकादशी एक और 2 नवम्बर को जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि यह पर्व धार्मिक दृष्टि से अत्यंत पवित्र माना जाता है। इस दिन भगवान विष्णु योगनिद्रा से जागते हैं और शुभ कार्यों की शुरुआत होती है। इसी कारण इस अवधि में जिलेभर में बड़ी संख्या में विवाह समारोहों का आयोजन किया जाता है। एसपी ने कहा कि हर वर्ष इस अवसर पर कुछ स्थानों पर परंपरा या सामाजिक दबाव के कारण बाल विवाह जैसे अवैध आयोजन भी किए जाते हैं, जो पूरी तरह से कानूनन अपराध है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के तहत 18 वर्ष से कम आयु की लडक़ी और 21 वर्ष से कम आयु के लडक़े का विवाह करना, करवाना या प्रोत्साहित करना अपराध की श्रेणी में आता है। इस अधिनियम के तहत ऐसे आयोजन में शामिल सभी व्यक्तियों, अभिभावक, आयोजक, पुजारी, बाराती या स्थल स्वामी पर दो वर्ष तक की कैद या एक लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है।



एसपी सिद्धांत जैन।

#### बाल विवाह रोकने की अपील

एसपी जैन ने जिले के सभी पुजारी, गायक, सरपंच, नम्बरदार, नगर पार्षद, पंचायत प्रतिनिधि, विवाह आयोजन समितियां, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सामाजिक कार्यकर्ता से अपील की कि वे अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए यह सुनिश्चित करें कि उनके क्षेत्र में किसी भी प्रकार का बाल विवाह न हो। उन्होंने कहा कि किसी भी विवाह आयोजन से पहले दूल्हा और दुल्हन के आयु प्रमाण पत्रों की जांच करें, उनकी एक प्रति अपने पास सुरक्षित रखें, और यदि किसी प्रकार का संदेह हो तो तुरंत पुलिस या प्रशासन को सूचित करें। उन्होंने जिले के सामुदायिक केन्द्रों, सार्वजनिक भवनों, बैंक्वेट हॉलों और मैरिज पैलेसों के मालिकों एवं प्रभारियों से भी कहा कि वे अपने यहां आयोजित होने वाले विवाह समारोहों के संबंध में दूल्हा-दुल्हन की आयु का सत्यापन अवश्य करें और आयु प्रमाण पत्रों की एक प्रति अपने पास रखें। यदि किसी भी प्रकार से उनके परिसर में बाल विवाह आयोजित होता है तो संबंधित संचालक को भी जिम्मेदार मानते हुए कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा बाल विवाह निषेध अधिकारी के रूप में रेखा अग्रवाल को नियुक्त किया गया है, जो इस संबंध में प्रशासनिक समन्वय और रोकथाम की कार्यवाही का संचालन कर रही हैं। कोई भी नागरिक बाल विवाह की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम डायल 112, महिला हेल्पलाइन 181, बाल हेल्पलाइन 1098, जिला बाल संरक्षण अधिकारी या निकटतम पुलिस थाना/चौकी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सुपरवाइजर, महिला एवं बाल विकास विभाग, एसडीएम, तहसीलदार अथवा सीटीएम कार्यालय में दे सकता है।

## नए बन रहे अस्पताल को मेडिकल कॉलेज का दर्जा देने की मांग

- सिटी वैलफेयर क्लब ने मुख्यमंत्री को सौंपा मांगपत्र

**फतेहाबाद।** सिटी वेलफेयर क्लब सदस्यों ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का फतेहाबाद में पहुंचने पर रेस्टहाउस में स्वागत किया। संस्था एडवाइजर डॉ. महेंद्र मेहता ने उन्हें शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया एवं संस्था अध्यक्ष विनोद अरोड़ा ने प्रदेश व शहर की मुख्य मांगों का मांग पत्र मुख्यमंत्री को सौंपा। विनोद अरोड़ा को कहा कि क्लब ने पहले भी जो जनहित के सुझाव दिए थे, सरकार ने उन पर काम किया है। मांग पत्र में शहर में चिल्ली झील के साथ 20 से 25 एकड़ जमीन एक्वायर कर शहर में पानी की समस्या को दूर करने, बाईपास से चिल्ली झील को रास्ते से एक पर्यटक स्थल के रूप में उभारने की मांग रखी गई। वहीं फतेहाबाद क्षेत्र जहां अधिकांश मुंगफली, आंवला, अमरुद, मौसमी, अंगूर व विभिन्न जड़ी बूटी आदि की खेती होती है, यहां हर्बल एवं फूड प्रोसेसिंग प्लांट लगाने की भी मांग रखी गई। संस्था ने नागरिक अस्पताल की कायाकल्प करने पर आभार व्यक्त किया वहीं फतेहाबाद में नागरिक अस्पताल के अंदर हड्डियों की सीआरएम मशीन, नये महिला-बच्चा वार्ड निर्माण, रेजिडेंशियल क्वार्टरों की मरम्मत व नशा मुक्ति वार्ड को 30 बेड का करने की मांग भी रखी गई।

## खबर संक्षेप

### मारपीट करने के मामले में तीन युवक पकड़े

**फतेहाबाद।** रामपुरा-भिरडाना रोड युवकों को रोककर उनके साथ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में सदर फतेहाबाद पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मेजर पुत्र सतपाल सिंह, गुरप्रीत पुत्र सतपाल सिंह और बलविंद्र सिंह पुत्र मंगल सिंह निवासी भिरडाना, फतेहाबाद के रूप में हुई है। थाना सदर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि 11 अक्टूबर को मोहित पुत्र सुखदेव सिंह निवासी एमपी सौत्र ने शिकायत दी कि वह अपने दोस्त गुरजंत सिंह के साथ टोहाना से फतेहाबाद आया हुआ था।

### दहेज के मामले में एक आरोपी किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** दहेज उत्पीडऩ, मानसिक व शारीरिक प्रताडऩा, तथा जान से मारने की धमकी देने के एक मामले में टोहाना पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। थाना सदर टोहाना प्रभारी उपनिरीक्षक शादी राम ने बताया कि प्रार्थिया की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी विजेंद्र कुमार पुत्र जिले सिंह निवासी उमरा, जिला हिसार सहित अन्य पारिवारिक सदस्यों के विरुद्ध विस्तृत जांच की। शिकायत में प्रार्थिया ने आरोप लगाया कि विवाह के उपरांत उसे लगातार दहेज के लिए प्रताड़ित किया गया, मानसिक व शारीरिक उत्पीडऩ किया गया, तथा जान से मारने की धमकी दी गई।

### शानू बनी विधानसभा की महिला इकाई की अध्यक्ष

**टोहाना।** अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला के निर्देशानुसार महिला प्रदेश अध्यक्ष सुशील सर्राफ ने टोहाना निवासी शानू जैन को टोहाना विधानसभा की महिला इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह जानकारी देते हुए जिला अध्यक्ष राजेंद्र मित्तल ने बताया कि टोहाना निवासी शानू जैन को संगठन विस्तार की कड़ी के तहत महिला विधानसभा का टोहाना अध्यक्ष नियुक्त किया गया है और उन्हें टोहाना शहर के अलावा टोहाना खंड के अंदर आने वाले विभिन्न गांवो में भी कार्यकारिणी गठन करने के अधिकार दिए गए हैं।

### खाटू धाम मेले के लिए श्रद्धालुओं का जत्था रवाना

**सिरसा।** श्री बालाजी पैदल यात्रा परिवार संघ की तरफ से खाटू धाम मेले के लिए शुक्रवार की सुबह दो बसें व 7 गाडियां रवाना की गई। सभी वाहनों को संघ के प्रधान सतीश अरोड़ा ने हरी झंडी दिखाकर खाटू धाम के लिए रवाना किया। इस दौरान उपस्थित श्याम प्रेमियों ने भजन कीर्तन किया। प्रधान सतीश अरोड़ा ने बताया कि यह बस सेवा पूरी तरह निःशुल्क है, जिसमें श्रद्धालुओं के रहने, खाने, पीने और आने-जाने की संपूर्ण व्यवस्था की गई है।

### किसानों के पक्ष में इनेलो का धरना 3 नवंबर को

**सिरसा।** प्रदेश की मौजूदा भाजपा सरकार की ओर से किसानों और कृषि के प्रति उदासीन रवैया रखकर किसानों को आर्थिक चपत लगाने आदि मुद्दों को लेकर इंडियन नेशनल लोकदल आगामी 3 नवंबर को सुबह 10.30 बजे उपायुक्त कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करेगी। पार्टी प्रवक्ता महावीर शर्मा ने बताया कि पिछले दिनों हुई बरसात का पानी अभी तक भी खेतों में जमा है जिसकी निकासी का कोई प्रबंध अभी तक नहीं किया गया है और न ही बाढ़, बरसात में खराब हुई फसलों का गिरदावरी कर उचित मुआवजा ही किसानों को दिया

### कचरे के धुंए से फैले प्रदूषण से किसान परेशान

**कालांवाली।** कालांवाली गांव सुखचैन में बने खेल स्टेडियम में सूखी घास व कचरे को आग लगाने से वायु प्रदूषण में वृद्धि हुई है। इस घटना से निकलने वाला धुआं स्थानीय निवासियों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। जिस पर गांव सुखचैन के किसानों ने संबंधित विभाग पर नाराजगी व्यक्त की और सार्वजनिक स्थानों पर कचरा जलाने वालों पर कार्रवाई करने की मांग रखी। इसके अलावा उन्होंने ग्राम सचिव, कृषि विभाग के अधिकारियों को अवगत करवाने के बावजूद भी कोई कार्रवाई ना करने के आरोप लगाए।

## रन फॉर यूनिटी में 30 हजार से अधिक लोगों ने लिया भाग

मुख्यमंत्री स्वयं भी एकता के संदेश के साथ दौड़ें

# सीएम ने तिरंगा लहराया तो भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से गूंज उठा पूरा शहर





फतेहाबाद। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रन फॉर यूनिटी का झंडी दिखाकर शुभारंभ करते हुए व रन फॉर यूनिटी में एकता का संदेश देते बच्चे व रन फॉर यूनिटी के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

शुक्रवार की सुबह फतेहाबाद शहर की हवा में देशभक्ति की महक थी, शहर के बीचों बीच मौजूद सडक़ पर लोगों के हाथों में तिरंगे झूम रहे थे और हर चेहरा उत्साह से दमक रहा था। मौका था राष्ट्रीय एकता दिवस का। जब देश लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर उनके अदम्य योगदान को नमन कर रहा था। इस अवसर पर आयोजित रन फॉर यूनिटी में फतेहाबाद ने एकता की मिसाल कायम की। जहां मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने तिरंगा लहराकर इस जनउत्सव का शुभारंभ किया। सुबह 7 बजे पंचायत भवन से जब मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने तिरंगा लहराया तो भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से पूरा शहर गूंज उठा। देखते ही देखते सडक़ों पर एक सैलाब उमड़ पड़ा। करीब तीस हजार लोगों का, जिनके हाथों में था तिरंगा और दिलों में देश के लिए उमड़ता जज़्बा। दौड़ में हर वर्ग, हर उम्र का व्यक्ति शामिल था। स्कूली बच्चे जोश से आगे बढ़ रहे थे, महिलाएं कदम से कदम मिलाकर दौड़ रही थीं, और बुजुर्ग गर्व से इस दृश्य को देख रहे थे। मानो पूरा फतेहाबाद एक ही स्वर में कह रहा था, हम सब एक हैं, यही भारत की पहचान है। ढोल नगाड़ों के साथ नाचते गाते युवा इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बने।

### सीएम बोले, एकता ही भारत की असली शक्ति

कार्यक्रम स्थल पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सरदार पटेल को याद करते हुए उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि आज का दिन हमें याद दिलाता है कि भारत की शक्ति उसकी एकता में है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जम्मू-कश्मीर से धारा 370 और 35 को हटाने का निर्णय उसी भावना का प्रतीक है, एक देश, एक विधान, एक निशान। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज की यह दौड़ केवल शारीरिक गतिविधि नहीं, बल्कि राष्ट्र की एकता, अखंडता और अनुशासन का प्रतीक है। हरियाणा के सभी जिलों में लाखों नागरिक इस राष्ट्रीय संकल्प का हिस्सा बन रहे हैं। यह प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के एक भारत, श्रेष्ठ भारत के विजन को साकार करने की दिशा में एक कदम है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि एक मजबूत राष्ट्र का निर्माण अनुशासित, जिम्मेदार और जागरूक नागरिकों से होता है। यह दौड़ हमें सहनशीलता, अनुशासन और सामूहिकता का संदेश देती है।

### पटेल का सपना साकार कर रहे हैं पीएम मोदी

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस संकल्प को सरदार पटेल ने आजादी के बाद शुरू किया था, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उसे आगे बढ़ाते हुए जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 और 35ए को समाप्त कर एक बार फिर देश की एकता और अखण्डता को सुदृढ़ किया है। उन्होंने कहा कि यह फैसला सरदार पटेल की भावना के अनुरूप था, एक राष्ट्र, एक संविधान, एक तिरंगा। मुख्यमंत्री ने इस कदम को भारत की एकता को और मजबूत करने वाला ऐतिहासिक निर्णय बताया और कहा कि यह उस अखंड भारत की भावना का प्रतीक है, जिसका सपना सरदार पटेल ने देखा था। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल को सच्चे अर्थों में भारत की एकता का निर्माता कहा जा सकता है। आजादी के बाद गृह मंत्री रहते हुए उन्होंने 562 रियासतों का विलय कर अखण्ड भारत का निर्माण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके प्रयासों से आज का भारत मजबूत और एकजुट है। उनके जीवन से हमें यह प्रेरणा मिलती है कि देश की एकता सर्वोपरि है।



फतेहाबाद। रन फॉर यूनिटी में भाग लेते हुए सीएम नायब सिंह सैनी। फोटो : हरिभूमि

### हरियाणा दिवस की दी शुभकामनाएं

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा दिवस की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हरियाणा की जनता अपनी मेहनत, समर्पण और एकजुटता के बल पर देशभर में उदाहरण पेश कर रही है।

**सांस्कृतिक कार्यक्रमों से खिला एकता का रंग :** पंचायत भवन में आयोजित कार्यक्रम में एक शानदार सांस्कृतिक समारोह आयोजित हुआ। मंच पर विद्यार्थियों ने सरदार पटेल के जीवन और राष्ट्र की एकता पर आधारित देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए। हरियाणवी गायक नवीन पूनिया ने अपने जोशीले गीतों से ऐसा माहौल बनाया कि पूरा पंडाल तालियों की गडगड़ाहट से गूंज उठा। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय एकता की शपथ भी दिलाई गई, जिसमें हजारों आवाजें एक साथ गूंज उठी।

### कार्यक्रम में यह रहे मौजूद

इस अवसर पर पूर्व विधायक दुड़ाराम, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा, आईजी पंकज नैन, उपायुक्त डॉ. विवेक भारती, एसपी सिद्धांत जैन, चेयरमैन भारत भूषण मिढ़ा, एससी आयोग के चेयरमैन प्रो. रविंद्र बलियाला, सुरेंद्र आर्य, जिला परिषद अध्यक्ष सुमन खिचड़, अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया, एसडीएम आकाश शर्मा, राजेश कुमार, सुरेंद्र सिंह, नगर परिषद अध्यक्ष राजेंद्र खींची, सीएम के मीडिया कॉर्डिनेटर अशोक छाबड़ा, नप उपाध्यक्ष सविता टुटेजा, राजपाल बेनीवाल, मार्केट कमेटी चेयरमैन जगदीश जाखड़ सहित अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## 'रन फॉर यूनिटी में पूर्व मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने लिया भाग




**टोहाना।** भारत के लौह पुरुष और राष्ट्रीय एकता के प्रतीक सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर उपमंडल टोहाना में रन फॉर यूनिटी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और राष्ट्रीय एकता, अखंडता व सद्भाव का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ अम्बेडकर चौक, टोहाना से हुआ, जहाँ सबसे पहले डॉ. भीमराव आंबेडकर जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। इसके पश्चात सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जीवनी, उनके संघर्षपूर्ण जीवन और भारत को एक सूत्र में पिरोने में उनके योगदान पर प्रकाश डाला गया। पूर्व मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने हरी झंडी दिखाकर 'रन फॉर यूनिटी' को रवाना किया।

## सरदार पटेल ने भारत को एक सूत्र में पिरोया

**फतेहाबाद।** लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को फतेहाबाद में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। जिला मुख्यालय पर आयोजित रन फॉर यूनिटी का शुभारंभ हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंचायत भवन से हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रतिभागियों पर पुष्प वर्षा की और उन्होंने स्वयं भी दौड़ में शामिल होकर एकता का संदेश दिया। एमएम कॉलेज मैदान तक आयोजित दौड़ में लगभग 30 हजार प्रतिभागी शामिल हुए। युवाओं, महिलाओं, खिलाड़ियों, विद्यार्थियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों ने हाथों में तिरंगा लेकर उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरा शहर एक भारत, श्रेष्ठ भारत के नारों से गूंज उठा।



## प्रवीण जोड़ा व इन्द्र गाड़ी के नेतृत्व में रन फॉर यूनिटी उमड़े जनसैलाब



**फतेहाबाद।** देश के पहले उपप्रधानमंत्री और लौह पुरुष कहे जाने वाले सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर फतेहाबाद में आयोजित रन फॉर यूनिटी में सीएम के स्वागत में उमड़े जनसैलाब ने देश को एकता के सूत्र में बांधने वाले लौहपुरूष को सच्ची श्रद्धांजली देने का काम किया है। यह बात भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा एवं जिला उपाध्यक्ष एवं फतेहाबाद मंडल प्रभारी इन्द्र गावड़ी ने रन फॉर यूनिटी में भाग लेने वाले युवाओं का आभार व्यक्त करते हुए कही। बीजेपी जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा और जिला उपाध्यक्ष इन्द्र गावड़ी के नेतृत्व में सीएम नायब सिंह सैनी के फोटो लगे टी-शर्ट पहने हजारों युवाओं ने रन फॉर यूनिटी में ढोल नगाड़ों की थाप पर भाग लिया और सीएम का फतेहाबाद की पवित्र धरती पर पहुंचने पर भव्य स्वागत किया। दौड़ में उमड़ी भीड़ को देखकर गद्गद सीएम ने बीजेपी जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा व इन्द्र गावड़ी की पीठ थपथपाते हुए कहा कि सरदार पटेल ने देश की 562 रियासतों को जोडकर एक सशक्त भारत की कल्पना को साकार किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार सरदार पटेल के अधूरे सपनों को पूरा करने का काम कर रही है।

## पुलिस कर्मियों को दिलवाई एकता व अखंडता की शपथ



**सिरसा।** जिला पुलिस द्वारा लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के प्रांगण में सभी पुलिस कर्मियों को लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल ने समूचे भारत देश को एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने की शपथ दिलाई गई। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारा ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने संपूर्ण भारत को एकता के सूत्र में पिरोया था, इसलिए उनकी जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में प्रत्येक वर्ष बड़े धूमधाम से मनाई जाती है। पुलिस अधीक्षक ने सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

## 550 से ज्यादा रियासतों को एक सूत्र में बांधना था ऐतिहासिक

**डबवाली।** देश के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर शुक्रवार को स्वतंत्रता सेनानी वेद राम दयाल राजकीय सांस्कृतिक मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। भाजपा नेता बलदेव सिंह मांगेआना ने रन फॉर यूनिटी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह दौड़ स्कूल से गोल चौक होते हुए वापिस स्कूल में सम्पन्न हुई। दौड़ में बड़ी संख्या में युवाओं, विद्यार्थियों व आमजन ने भाग लिया। वरिष्ठ भाजपा नेता बलदेव सिंह मांगेआना ने कहा कि आजाद भारत के इतिहास में सरदार वल्लभ भाई पटेल का नाम स्वर्ण अक्षरों में अंकित है, उनकी जयंती को देश भर में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है।



## भारत के निर्माण में लौह पुरुष की महत्वपूर्ण भूमिका



**सिरसा।** लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर शुक्रवार को स्थानीय भगत सिंह स्टेडियम में रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नलवा विधानसभा से विधायक रणधीर पनिहार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। मुख्यातिथि ने स्टेडियम से दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जिसमें सैकड़ों बच्चों व खिलाडियों ने भाग लिया। यह दौड़ शहीद भगत सिंह स्टेडियम से शुरु होकर भूमणशाह चौक-किसान चौक, हुडांडा सेक्टर से हाउसिंग बोर्ड होते हुए वापिस शहीद भगत सिंह स्टेडियम में सम्पन्न हुई। इसके अलावा डबवाली, ऐलनाबाद व कालांवाली में भी रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थितजनों को राष्ट्रीय एकता की शपथ भी दिलवाई गई।

## इंदिरा गांधी व सरदार पटेल की जयंती पर कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि



**फतेहाबाद।** जिला कांग्रेस कमेटी फतेहाबाद द्वारा आज देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि एवं देश के लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती संयुक्त रूप से मनाई गई। फतेहाबाद के विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया, जिला अध्यक्ष अरविन्द शर्मा विशेष तौर पर मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी भारत की राजनीति की सबसे सशक्त और दूरदर्शी नेता थीं। उन्होंने देश की एकता, अखंडता और सम्मान की रक्षा के लिए अपने जीवन का बलिदान दिया। इंदिरा गांधी ने हर वर्ग को आगे बढ़ाने का काम किया, चाहे वह गरीब हो, किसान हो या महिला। उन्होंने भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए हरित क्रांति, बैंकों का राष्ट्रीयकरण और विज्ञान-तकनीक के क्षेत्र में बड़े कदम उठाए।

## भूना में 'रन फॉर यूनिटी' मेगा दौड़ का आयोजन



**भूना।** आदर्श भारती इंटरनेशनल स्कूल में शुक्रवार को 'रन फॉर यूनिटी' मेगा दौड़ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए विद्यार्थियों को उनकी एकता, समर्पण और नेतृत्व के आदर्शों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के प्रबंध निदेशक सुभाष बिश्नोई और स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान राजेश खीचड़ ने हरी झंडी दिखाकर किया। कार्यक्रम की शुरुआत में स्कूल के प्राचार्य कृष्ण धारणिया ने विद्यार्थियों को सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन और देश की एकता के लिए उनके योगदान पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी।